# पाठ 8



## एक शिक्षण बिन्दु

***सृजनहार परमेश्वर सच्चा परमेश्वर है***

सृजनहार परमेश्वर सच्चा परमेश्वर है

## बाइबल में से कहानी

***ऐसी कहानी का उपयोग करें जो यह सिखाती हो कि सृजनहार परमेश्वर सच्चा परमेश्वर है***

**शुभसन्देश कहानी पुस्तक चार।** पेज 2-17. *स्वर्ग से आग।*

पेज 2-5 पर दी गई कहानी पढ़ें और पढ़ते हुए *शुभसन्देश कहानी पुस्तक चार* में से बच्चों को तस्वीरें भी दिखाएँ। पेज 6 पर ऐक्शन वाले शब्द पढ़ते हुए साथ-साथ ऐक्शन भी करें। उदाहरण: 'मैं उन लोगों को, जो देवताओं के लिए गाते हैं, गाते (गाने का ऐक्शन करें), मिन्नतें करते (मिन्नतें करने का ऐक्शन करें), नाचते (नाचने का ऐक्शन करें) और कूदते (ऊपर-नीचे…ऊपर-नीचे…ऊपर-नीचे कूदने का ऐक्शन करें) हुए देख सकता हूँ।'

पेज 7-9 पर दी गई कहानी पढ़ें और पढ़ते हुए *शुभसन्देश कहानी पुस्तक चार* में से बच्चों को तस्वीरें भी दिखाएँ। पेज 10 पर ऐक्शन वाले शब्द पढ़ते हुए साथ-साथ ऐक्शन भी करें। उदाहरण: 'मैं उन लोगों को, जो देवताओं के लिए गाते हैं, देख सकता हूँ, कि वे और ज़ोर से मिन्नत कर रहे हैं (और ज़ोर से मिन्नत करने का ऐक्शन करें), और ज़्यादा नाच रहे (और ज़्यादा नाचने का ऐक्शन करें) तथा और ऊँचा कूद रहे हैं (ऊपर-नीचे…ऊपर-नीचे…ऊपर-नीचे और ऊँचा कूदने का ऐक्शन करें)।'

पेज 11-12 पर दी गई कहानी पढ़ें और पढ़ते हुए *शुभसन्देश कहानी पुस्तक चार* में से बच्चों को तस्वीरें भी दिखाएँ। पेज 13 पर ऐक्शन वाले शब्द पढ़ते हुए साथ-साथ ऐक्शन भी करें। उदाहरण: 'वेदी के चारों ओर पानी डालते हुए देख सकता हूँ' (कुएँ से पानी निकालने, मटका उठाने और वेदी के चारों ओर डालने का ऐक्शन तीन बार करें)।

पेज 14-17 पर दी गई कहानी पढ़ें और पढ़ते हुए *शुभसन्देश कहानी पुस्तक चार* में से बच्चों को तस्वीरें दिखाएँ और ऐक्शन भी करें।

1, 2, 3 कहानी सुनाना शुरू करें…

# पाठ 8



सृजनहार परमेश्वर सच्चा परमेश्वर है

**प्रश्न और उत्तर प्रतिस्पर्धा**

इस कहानी के बारे में बच्चों से प्रश्न पूछें। बच्चों की दो टीमें बनाएँ। पहली टीम से एक प्रश्न पूछें। पहली टीम के सभी बच्चों को एक उत्तर देने के लिए सहमत होना होगा। यदि वे सही उत्तर देते हैं तो आप उनकी टीम को एक अंक दे दीजिए। यदि पहली टीम सही उत्तर नहीं देती है तो दूसरी टीम से यही प्रश्न पूछें। दूसरी टीम के सभी बच्चों को एक उत्तर देने के लिए सहमत होना होगा। यदि वे सही उत्तर देते हैं तो आप उनकी टीम को एक अंक दे दीजिए।

ब्लैकबोर्ड पर या किसी कागज़ पर कुल अंक लिखते रहें।

अब दूसरी टीम से कहानी के बारे में अगला प्रश्न पूछें। टीम के सभी बच्चों को एक उत्तर देने के लिए सहमत होना होगा। यदि वे सही उत्तर देते हैं तो आप उनकी टीम को एक अंक दे दीजिए। यदि दूसरी टीम सही उत्तर नहीं देती है तो पहली टीम से यही प्रश्न पूछें। पहली टीम के सभी बच्चों को एक उत्तर देने के लिए सहमत होना होगा। यदि वे सही उत्तर देते हैं तो आप उनकी टीम को एक अंक दे दीजिए। इस प्रकार बारी-बारी से दोनों टीमों से कहानी के बारे में प्रश्न पूछते रहें।

यदि कोई बच्चा गलत उत्तर देता है तो यह कहते उसे प्रोत्साहित करें कि तुमने अच्छी कोशिश की लेकिन यह वह उत्तर नहीं है जिसकी मुझे तलाश है। यदि कोई बच्चा सही उत्तर देता है तो कहें, हाँ! बहुत अच्छे!

अगले पेज पर कुछ प्रश्न और उनके उत्तर दिए गए हैं, जो आप उनसे पूछ सकते हैं।

**एलिय्याह किसके लिए गाता था?** सृजनहार परमेश्वर के लिए।

**बाकी लोग किसके लिए गाते थे?** देवताओं के लिए।

**देवताओं ने क्या किया?** कुछ नहीं।

**क्या देवता स्वर्ग से आग गिरा पाए?** नहीं।

**क्या सृजनहार परमेश्वर स्वर्ग से आग गिरा पाया?** हाँ।

**क्या देवताओं ने उन लोगों को जवाब दिया जो देवताओं के लिए गाते हैं?** नहीं।


**क्या सृजनहार परमेश्वर ने एलिय्याह को जवाब दिया, जो केवल सृजनहार परमेश्वर के लिए ही गाता है?** हाँ।

# पाठ 8

**इस कहानी में से आप सृजनहार परमेश्वर के बारे में क्या सीखते हैं?**

जब हम केवल सृजनहार परमेश्वर के लिए ही गाते हैं तो वह हमें जवाब देता है। स्वर्ग से आग गिराने की शक्ति केवल सृजनहार परमेश्वर ही के पास है। केवल सृजनहार परमेश्वर ही के लिए गाओ, (उसी की आराधना करो), क्योंकि वही सच्चा परमेश्वर है।

समझाएँ कि 'केवल सृजनहार परमेश्वर ही के लिए गाओ' का अर्थ है 'केवल सृजनहार परमेश्वर ही की आराधना करो।'



## ऐक्शन गीत

***उस ऐक्शन गीत का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि सृजनहार परमेश्वर सच्चा परमेश्वर है***

गाओ हालेलुयाह उसकी जय
गाओ सारी सृष्टि उसकी जय
गाओ हालेलुयाह उसकी जय
गाओ सारी सृष्टि उसकी जय
प्रभु महान है, स्तुति के योग्य है (x2)

## किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाला पाठ

***किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाले ऐसे पाठ का उपयोग करें जो सिखाता हो कि सृजनहार परमेश्वर सच्चा परमेश्वर है***

एक बच्चे को अपना सहायक बनाएँ। खेल के नियम समझाएँ। आप (शिक्षक) अपने सहायक के कान में एक शब्द (ऐसा कुछ जो परमेश्वर ने सृजा है, जिसे सभी देख सकते हैं) धीरे से बोलें। तब सहायक सब बच्चों के सामने खड़ा हो जाए और कहे, 'मैं कुछ देख सकता हूँ जो (उस वस्तु का रंग बोले) रंग का है। *उदाहरण:* कान में धीरे से बोलें, सूरज। तब सहायक कहता है, 'मैं ऐसा कुछ देख सकता हूँ जो पीला है।'

बाकी बच्चे आसपास देखते हैं और अनुमान लगाने की कोशिश करते हैं कि 'वह पीली चीज़' क्या है।

जो कोई सबसे पहले सही अन्दाज़ा लगा लेता है, वह अगली बारी के लिए सहायक बन जाता है। यह खेल तब तक खेलते रहें जब तक इसमें बच्चों की दिलचस्पी बनी रहे।

जब यह खेल खत्म हो जाए तो बच्चों को समझाएँ कि यह सब सृजनहार परमेश्वर ने सृजा है। केवल सृजनहार परमेश्वर को ही इन सब वस्तुओं पर अधिकार मिला है क्योंकि यह सब केवल सृजनहार परमेश्वर ने ही सृजा है। केवल सृजनहार परमेश्वर ही सच्चा परमेश्वर है क्योंकि केवल सृजनहार परमेश्वर ही के पास अधिकार है!

# पाठ 8

## बाइबल पद याद करने का खेल

***ऐसे बाइबल पद का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि सृजनहार परमेश्वर सच्चा परमेश्वर है***



बताएँ कि सृजनहार परमेश्वर का एक और नाम *यहोवा* है।

**1 राजा 18:39** *सभी लोगों ने यह होते देखा। लोग भूमि पर प्रणाम कहने झुके और कहने लगे, "यहोवा परमेश्वर है! यहोवा परमेश्वर है!"*

**सामग्री:** 7 गुब्बारे, धागा, 7 पत्थर और काले रंग का परमानेण्ट मार्कर पेन।

**तस्वीर और शब्दों वाला पज़ल:** बच्चों से कहें कि वे सात गुब्बारे फुलाएँ और उनके मुँह बाँध दें ताकि हवा बाहर न निकल सके। हर एक गुब्बारे पर याद किए जाने वाले बाइबल पद के शब्द लिखें और तस्वीरें बनाएँ, जैसा कि यहाँ दिखाया गया है। यदि बच्चों ने अभी पढ़ना नहीं सीखा है तो शब्दों के स्थान पर केवल तस्वीरें बनाएँ।

बच्चों में से एक सहायक चुनें और उसे सामने खड़ा करें, लेकिन सबकी ओर उसकी पीठ हो। पहला गुब्बारा बच्चों के बीच में उछाला जाता है और जब सहायक कहता है 'रुको', तो जिसके हाथ में गुब्बारा होता है वह इसे सामने लाकर याद किए जाने वाले बाइबल पद के शब्द और तस्वीर दिखाता है।

इस तरह से सातों गुब्बारे उछाले जाएँ, सामने लाए जाएँ और याद किए जाने वाले बाइबल पद के शब्द और तस्वीर सब बच्चों को दिखाए जाएँ। हर एक गुब्बारे पर धागा बाँधें और उस धागे के दूसरे सिरे पर एक पत्थर बाँध दें ताकि गुब्बारे एक जगह पर रहें और ये सात बच्चे जाकर बाकी बच्चों के साथ बैठ जाएँ। पूछें कि याद किए जाने वाले बाइबल पद के शब्दों को सही क्रम में कौन लगा सकता है ताकि याद किया जाने वाला बाइबल पद सही क्रम में आकर पूरा हो जाए।

बच्चों को एक-एक गुब्बारा दिखाएँ और उनसे कहें कि बाकी के याद किए जाने वाले बाइबल पद का अन्दाज़ा लगाने की कोशिश करें। यदि वे कुछ देर तक कोशिश करने के बाद भी अन्दाज़ा नहीं लगा पा रहे हैं तो इस पज़ल को सुलझाने में मदद करने के लिए उन्हें कुछ संकेत दें। याद किए जाने वाले बाइबल पद को तीन बार बोलें और दोहराएँ।

सृजनहार परमेश्वर सच्चा परमेश्वर है

## व्यावहारिक प्रयुक्ति


***ऐसी व्यावहारिक प्रयुक्ति का उपयोग करें जो यह सिखाती हो कि सृजनहार परमेश्वर सच्चा परमेश्वर है***

सृजनहार परमेश्वर सच्चा परमेश्वर है। केवल सृजनहार परमेश्वर ही आराधना के योग्य है क्योंकि सृजनहार परमेश्वर सच्चा परमेश्वर है।

**गवाही दें:** उस समय की जब परमेश्वर ने आपकी किसी प्रार्थना का उत्तर दिया हो।

**प्रार्थना:** सृजनहार परमेश्वर, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे यह दिखा दिया है कि आप सच्चे परमेश्वर हैं। आपका धन्यवाद कि मुझसे प्रेम करते हैं। आपका धन्यवाद कि आप मुझे जवाब देते हैं। आमीन।

# पाठ 9



## एक शिक्षण बिन्दु

***केवल सृजनहार परमेश्वर की ही आराधना करो***

केवल सृजनहार परमेश्वर की ही आराधना करो

## बाइबल में से कहानी

***ऐसी कहानी का उपयोग करें जो यह सिखाती हो कि केवल सृजनहार परमेश्वर की ही आराधना करो***

**शुभसन्देश कहानी पुस्तक चार।** पेज 18-32. *आग की भट्ठी।*

बच्चों के साथ इस कहानी पर एक नाटक करें। बच्चों को बताएँ कि हम 'आग की भट्ठी' नाम का एक नाटक कर रहे हैं।

**अभिनेता:** कहानी सुनाने वाला और निर्देशक (आप/शिक्षक)।
सृजनहार परमेश्वर जैसा व्यक्ति (बच्चों में से एक), तीन लड़के (बच्चों में से तीन), राजा (बच्चों में से एक), आग की भट्ठी (वे सभी बच्चे जिन्हें अभी तक नाटक में कोई अभिनय नहीं मिला है)।


जो बच्चे 'आग की भट्ठी बने हैं, उनसे कहें कि वे एक दूसरे के हाथ पकड़ कर एक बड़ा घेरा बना लें। जब कहानी सुनाने वाला (आप) कहानी सुनाना शुरू करे, ये सभी एक घेरे में धीरे-धीरे घूमना शुरू कर दें। जैसे ही कहानी में 'आग' शब्द आए, वैसे ही सभी बच्चे अपने हाथ उठा कर बोलें, 'गर्म, गर्म, गर्म)। शुरू से ही कहानी सुनाने वाला, तीन लड़के और सृजनहार परमेश्वर जैसा व्यक्ति घेरे (आग की भट्ठी) से बाहर खड़े रहें।

*शुभसन्देश कहानी पुस्तक चार* के पेज 18-32 पर से कहानी सुनाना शुरू करें। जब आप कहानी सुनाते हैं तो सभी अभिनेताओं को भी बताते रहें कि उन्हें अपनी भूमिका कब और कैसे निभानी है। यदि वे बच्चे, जो अभिनय कर रहे हैं, पढ़ना जानते हैं तो उन सभी को *शुभसन्देश कहानी पुस्तक चार* की एक-एक कॉपी दे दीजिए, ताकि वे स्वयं कहानी को देख सकें और अपने किरदार के शब्द पढ़ सकें।

*उदाहरण:* पेज 19 पढ़ें और बताएँ, 'मैं उस राजा को लोगों से यह कहते हुए सुन सकता हूँ,' तब आप राजा की भूमिका निभा रहे बच्चे की ओर इशारा करें। राजा की भूमिका निभा रहा लड़का पढ़ता है और बोलता है, 'केवल इस सोने की प्रतिमा के लिए गाओ, नहीं तो मैं तुम्हें आग में फेंकवा दूँगा।'

# पाठ 9





याद रखें जैसे ही कोई पढ़ कर बोलता है 'आग', कहानी सुनाना रोक दें और घेरा बना कर खड़े बच्चों की ओर इशारा करें। घेरा (आग की भट्ठी) बना कर खड़े बच्चे अपने हाथ उठाते हैं और कहते हैं 'गर्म, गर्म, गर्म)। जब वे ऐसा कर लें तो कहानी को आगे बढ़ाएँ और पढ़ कर सुनाना शुरू करें।

## केवल सृजनहार परमेश्वर की ही आराधना करो

1, 2, 3 नाटक शुरू करें…

*आग की भट्ठी* बने हुए बच्चे एक दूसरे के हाथ पकड़ कर एक घेरे में धीरे-धीरे चलना शुरू करते हैं। कहानी पढ़ कर सुनाना शुरू करें।

नाटक खत्म होने के बाद बच्चों से कुछ प्रश्न पूछें। यदि कोई बच्चा गलत उत्तर देता है तो यह कहते उसे प्रोत्साहित करें कि तुमने अच्छी कोशिश की लेकिन यह वह उत्तर नहीं है जिसकी मुझे तलाश है।

यदि कोई बच्चा सही उत्तर देता है तो कहें, हाँ! बहुत अच्छे! तब तक प्रश्न पूछते रहें जब तक कि कोई बच्चा सही जवाब न दे दे।

नीचे कुछ प्रश्न और उनके उत्तर दिए गए हैं, जो आप उनसे पूछ सकते हैं।


**राजा ने तीनों लड़कों को आग में क्यों फेंका?**
तीनों लड़कों ने सोने की प्रतिमा के लिए नहीं गाया था।

**आग में तीनों लड़कों के पास कौन आता है?**
सृजनहार परमेश्वर जैसा व्यक्ति।

**तीनों लड़कों को आग से कोई नुकसान क्यों नहीं हुआ?**
सृजनहार परमेरश्वर ने उनकी रक्षा की।

**इस कहानी में से हम सृजनहार परमेश्वर के बारे में क्या सीखते हैं?**
सृजनहार परमेश्वर उनकी रक्षा करता है जो केवल उसी के लिए गाते हैं।
सृजनहार परमेश्वर सच्चा परमेश्वर है।
हम केवल सृजनहार परमेश्वर की ही आराधना करते हैं।

# पाठ 9



## ऐक्शन गीत

***उस ऐक्शन गीत का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि केवल सृजनहार परमेश्वर की ही आराधना करो***

स्तुति आराधना ऊपर जाती है
आशीष देखो नीचे आती है
प्रभु हमारा कितना महान
देखो हमसे करता है प्यार (x2)
हालेलु हालेलुयाह

विनती प्रार्थना ऊपर जाती है
उत्तर लेकर नीचे आती है
प्रभु हमारा कितना महान
देखो हमसे करता है प्यार (x2)
हालेलु हालेलुयाह

## किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाला पाठ

***किसी वस्तु के द्वारा सिखाया जाने वाले ऐसे पाठ का उपयोग करें जो सिखाता हो कि केवल सृजनहार परमेश्वर की ही आराधना करो***

दो बच्चों को अपने सहायक बनाएँ। बताइए कि उनमें से एक बच्चा सृजनहार परमेश्वर बनने का नाटक करेगा (बच्चे की ओर इशारा करके बताएँ) और दूसरा बच्चा (बच्चे की ओर इशारा करके बताएँ) ऐसा बच्चा बनने का नाटक करेगा जो देवताओं की आराधना करता है।

अब उस बच्चे की आँखों पर पट्टी बाँध दे जो देवताओं की आराधना करने का नाटक कर रहा है।

इन दोनों बच्चों से कहें कि वे बाकी बच्चों के सामने चलें। जो बच्चा सृजनहार परमेश्वर होने का नाटक कर रहा है उससे कहें कि वह उस बच्चे के पीछे-पीछे चले जो ऐसा बच्चा होने का नाटक कर रहा है जो देवताओं की आराधना करता है।

समझाएँ कि वह बच्चा, जो ऐसा बच्चा होने का नाटक कर रहा है जो देवताओं की आराधना करता है, अन्धेरे में खोया हुआ है और सृजनहार परमेश्वर को नहीं देख पा रहा है।

जब हम अन्य देवताओं की आराधना करते हैं तो हमारे साथ भी ऐसा ही होता है। हम अन्धेरे में खो जाते हैं।

लेकिन सृजनहार परमेश्वर हमसे ज़्यादा दूर नहीं है। सृजनहार परमेश्वर उन्हें बचाना चाहता है और हमें भी बचाना चाहता है।

## बाइबल पद याद करने का खेल

***ऐसे बाइबल पद का उपयोग करें जो यह सिखाता हो कि केवल सृजनहार परमेश्वर की ही आराधना करो***

**निर्गमन 20:3** *'तुम्हें मेरे अतिरिक्त किसी अन्य देवता को नहीं मानना चाहिए।'*
(यह सृजनहार परमेश्वर का वचन है)।

# पाठ 9

याद किया जाने वाले बाइबल पद में ड्रम की धुन जोड़ दें ताकि बच्चे आपके (शिक्षक के) साथ दोहरा सकें।

शिक्षक: 'तुम्हें, तुम्हें, तुम्हें'   बच्चे: 'तुम्हें, तुम्हें, तुम्हें'

शिक्षक: 'तुम्हें मेरे'   बच्चे: 'तुम्हें मेरे'

शिक्षक: 'अतिरिक्त किसी'   बच्चे: 'अतिरिक्त किसी'

शिक्षक: 'अन्य देवता को'   बच्चे: 'अन्य देवता को'

शिक्षक: 'नहीं मानना चाहिए।'   बच्चे: 'नहीं मानना चाहिए।'

शिक्षक: 'निर्गमन 20'   बच्चे: 'निर्गमन 20'

शिक्षक: 'पद संख्या 3'   बच्चे: 'पद संख्या 3'

तब तक दोहराएँ जब तक बच्चों को पद याद न हो जाए।

## व्यावहारिक प्रयुक्ति

***ऐसी व्यावहारिक प्रयुक्ति का उपयोग करें जो यह सिखाती हो कि केवल सृजनहार परमेश्वर की ही आराधना करो***

सृजनहार परमेश्वर सच्चा परमेश्वर है। हम केवल उसी की आराधना करते हैं। जब हम देवताओं की आराधना करते हैं तो आत्मिक अन्धेरा हमारे जीवन में छा जाता है। जब हम देवताओं की आराधना करते हैं तो हम अन्धेरे में खो जाते हैं।

हम केवल सच्चे परमेश्वर ही की आराधना करते हैं और वह हमारे जीवन में से आत्मिक अन्धेरे को धकेल देता है। हम केवल सच्चे परमेश्वर ही की आराधना करते हैं और वह हमें आत्मिक अन्धेरे से बचाता है।

केवल सृजनहार परमेश्वर की ही आराधना करो

**प्रार्थना:** धन्यवाद सृजनहार परमेश्वर, आपने मुझे यह दिखा दिया है कि आप ही सच्चे परमेश्वर हैं। सृजनहार परमेश्वर, मैं केवल आप ही की आराधना करूँगा। धन्यवाद सृजनहार परमेश्वर, आप मुझसे प्रेम करते हैं। धन्यवाद सृजनहार परमेश्वर, कि आप मुझे अन्धेरे में खो जाने से बचा लेते हैं। आमीन।

**पुरस्कार:** हर एक बच्चे को *शुभसन्देश कहानी पुस्तक चार* की एक-एक कॉपी रखने के लिए दे दीजिए। हर एक बच्चे को *शुभसन्देश कहानी पुस्तक चार* पढ़ने में मदद कीजिए।